प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में एक निजी इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने का किया उद्घाटन : कहा– विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता है, विकसित भारत का रास्ता।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमार स्वामी भी हुए कार्यक्रम में शामिल : मुख्यमंत्री ने कहा– आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है यह प्लांट।
3. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जोन समेत रेलवे के एक सौ अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रदान किए 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार।

और

4. केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने ग्रेटर नोएडा में विश्व पाक कला विरासत सम्मेलन 2026 का किया उद्घाटन : कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा प्रमुख कृषि निर्यातक देश।

———————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में एक निजी इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग व इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी

और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई नियमों को सरल बनाते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं, जिससे निवेशकों और व्यवसायों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने एक नीति बनाई है जिससे राज्य रक्षा उत्पादन का केंद्र बनता जा रहा है। बाइट.....

*हमारा भारत अपने हथियार खुद बना रहा है और मैं समझता हूं उत्तर प्रदेश में इसमें लगातार आगे बढ़ता जा रहा है और हमारे उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास के इस काम को इस तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एक नई नीति बनाई है जो मुझे बतलाया गया है। उस नीति उस पॉलिसी का नाम है उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस एंड डिफेंस यूनिट एंड एंप्लॉयमेंट प्रमोशन पॉलिसी। इसका सीधा मतलब यह है कि अब उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनाया जा रहा है जहां सेना के लिए साजो–समान बड़े पैमाने पर बनेंगे।*

उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई के बाद भारी उद्योगों में निवेश के क्षेत्र में इस इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने की शुरूआत एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट मेक इन इंडिया के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को आगे बढाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पास एक बेहतर निवेश नीति

है जिसके चलते कोई भी निवेशक यहां निवेश कर सकता है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश के अंदर आज के दिन पर हमारे पास 34 सेक्टरियल पॉलिसीज हैं, जिसके माध्यम से कोई भी निवेशक आकर के हर एक सेक्टर में अपना निवेश कर सकता है और उस निवेश के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास की इस यात्रा में अपना योगदान दे सकता है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत वासियों के सामने विजन 2047 रखा था। विजन 2047 हर भारतवासी का संकल्प वर्ष है।*

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एच डी कुमार स्वामी ने कहा कि इस प्लांट के उद्‌घाटन से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न सिर्फ मेक इन इंडिया पर अमल कर रहा है बल्कि आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को पूरा कर रहा है।

————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में रेलवे के एक सौ अधिकारियों को 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार रेलवे में अनुकरणीय सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए गए हैं। इस अवसर पर महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान सुरक्षित और सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मियों को 26 शील्ड दी गई। प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि जोन से 6 लोगो को पुरस्कृत किया गया है। बाइट.....

*यह दो सीट जो कि हमारे सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन विभाग ने बेहतर प्रदर्शन किया है, उसके लिए इस दो सीट हमें मिल रही है। इसके अलावा जो व्यक्तिगत कैटेगरी में पुरस्कार दिए गए हैं, उसमें उत्तर मध्य रेलवे के कुल छह लोग पुरस्कार किए जा रहे हैं।*

———————————

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रसार भारती के वेव्स प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर व्यापक सराहना मिली है और इससे पांच हजार करोड़ रुपये का अंतरराष्ट्रीय व्यापार हुआ है। श्री वैष्णव ने आज डीडी न्यूज़ पर कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए शुरू किए गए नए प्लेटफॉर्म क्रिएटर्स कॉर्नर के शुभारंभ के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती की इस नई पहल का उद्देश्य रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र, प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में इसका शुभारंभ किया था। प्रगति ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने और प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी का कारण बनने वाले मुद्दों के समाधान में सहायता की है। आज इस विशेष श्रृंखला में, हम प्रगति के अंतर्गत समीक्षा की गई विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे। ........

*बिजली क्षेत्र में परियोजनाओं में देरी अक्सर प्रशासनिक तकनीकी नियामक और प्राकृतिक कारणों के संयुक्त प्रभाव के कारण होती है। इनमें भूमि अधिग्रहण, वन और रक्षा मंजूरियों से जुड़े मुद्दे तथा कठिन भौगोलिक परिस्थितियां शामिल है। प्रगति के बहुस्तरीय तंत्र के तहत 10,53,000 करोड़ की लागत वाली 237 बिजली परियोजनाओं की विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की गई है, जिनमें से कई परियोजनाएं अब चालू हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री स्तर पर ₹4,12,000 करोड़ की लागत वाली कुल 53 बिजली परियोजनाओं की समीक्षा की गई।*

*इसके परिणाम स्वरूप बिजली की उपलब्धता बढ़ी है, ग्रिड की विश्वसनीयता में सुधार हुआ है और राष्ट्रीय निवेश का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हुआ है। पल्लवी परमार और सुपर्णा सैकिया के साथ अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————————

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल आज मथुरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ के तीन दिवसीय 58 वें राज्य सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। एस आई आर को लेकर उन्होंने कहा कि इसका उद्दश्य पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करना है। बाइट.....

*एसआईआर में यह देखा गया है कि दो जगह वोट ना हो। एसआईआर में यह देखा गया है कि कोई भारत का नागरिक ना हो और उसका मत है तो वह काटा जाए। उसमें केवल भारतीय होने के प्रमाण पत्र ही मांगे गए हैं। कोई घुसपैठिया ना हो और जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, भारत की एकता, अखंडता, भाईचारा को कमजोर करना चाह रहे हैं।*

————————————

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में इंडसफूड 2026 के अन्तर्गत विश्व पाक कला विरासत सम्मेलन 2026 का उद्‌घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि भारत के पास विश्व को देने के लिए एक महान सांस्कृतिक और पाक कला विरासत है। यहां का भोजन न केवल जीवनयापन का साधन है, बल्कि इसके पीछे एक इतिहास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को टॉप एग्री एक्सपोर्टिंग देशों में से एक बनाने के लिए संकल्पित है।

————————————

प्रदश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज आगरा में कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण क्षेत्र का कायाकल्प करने वाला है । उन्होंने कहा

कि गांवों को एबीसी तीन श्रेणियां में विभाजित किया गया है और पीएम गति शक्ति से जी राम जी योजना को जोड़ा गया है। बाइट.....

*गांव को तीन श्रेणियों में ए, बी और सी श्रेणी में बांटने का काम किया जाए। अर्थात श्रमिकों के रोजगार के दिन में कमी नहीं हुई, उसमें 25 दिन की बढ़ोतरी हुई है। दूसरा, गांव का विकास करना है तो ए, बी, सी तीन श्रेणी में उसको बांटने का एक यह लक्ष्य लिया गया है। तीसरा, पीएम गति शक्ति से जी राम जी योजना को जोड़ा गया है।*

उधर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज अयोध्या में कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पहले सिर्फ मिट्टी से जुड़े कार्य कराए जाते थे, लेकिन अब इसके दायरे को बढ़ाया गया है।

————————————

प्रदेश में घने कोहरे और भीषण ठंड से जनजीवन प्रभावित है। मथुरा सहित प्रदेश के कुछ पश्चिमी जनपदों में हुई बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गइ। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)